# सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

**सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल के शैक्षणिक पुरस्कार कार्यक्रम रविवार, दिनांक 23.08.2026 हेतु बैंक के सदस्यों से निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–**

01. **स्व.श्री राजाभाऊ कुलकर्णी की स्मृति में** देय ''**शैक्षणिक पुरस्कार योजना**'' हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रतिशत/ग्रेड निम्नानुसार है :–

| विवरण | वर्ष 2025–26 के पुरस्कार हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रतिशत/ ग्रेड |
|---|---|
| @स्नातक डिग्री(सभी विषय) | 70% |
| @@हायर सेकेण्डरी परीक्षा (बारहवीं ) | 80% |
| @@हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10 वीं कक्षा) | 80% या ए, ए+, |
| पूर्व माध्यमिक परीक्षा (8 वीं कक्षा) | 85% या ए, ए+, A1/A2 |
| प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा (5 वीं कक्षा) | 85% या ए, ए+ए A1/A2 |

@स्नातक डिग्री हेतु संपूर्ण सेमेस्टर का एग्रीगेट स्कोर के आधार पर पात्रता निश्चित की जावेगी।
@@अंकसूची में CGPA पैटर्न होने पर प्रतिशत में कन्वर्ट कर पात्रता निर्धारित की जावेगी।
@@@कोई अभ्यार्थी यदि दिव्यांग है तो उसे निर्धारित प्राप्तांक में 2 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जावेगी।

**02.** बैंक के अंशधारी सदस्यों, उनके पुत्र/पुत्रियों तथा बैंक कर्मचारियों के ऐसे पुत्र–पुत्रियों जिनके द्वारा वर्ष 2025–26 में **राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता** में भाग लिया हो, उन्हें **स्व.श्री अवधूत विनायक कविश्वर की स्मृति में ''राष्ट्रीय खेलकूद पुरस्कार योजना**'' अंतर्गत सम्मानित किया जाना है। अतः उक्तानुसार पात्रता रखने वाले अंशधारी सदस्यों/खिलाडियों के अभिभावकों से आवेदन पत्र आमंत्रित है।

**03.** बैंक की पूर्व उपाध्यक्षा ''**स्व.श्रीमति उषा कदम की स्मृति में उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार**'' योजना अंतर्गत शिक्षक/ शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाना है, आवेदनकर्ता शिक्षिक / शिक्षिकाओं हेतु निम्नानुसार अर्हताऐं निर्धारित की गई :–

अ. शिक्षक/शिक्षिका द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष के दौरान **सराहनीय/विशेष उल्लेखनीय** कार्य किया गया हो।
ब. पूर्व में सम्मानित शिक्षक/शिक्षिका को **पुनः सम्मानित नहीं** किया जावेगा।
स. आवेदक शिक्षक/शिक्षिका को बैंक का अंशधारी सदस्य होना अनिवार्य है।

04. इस वर्ष बैंक के वरिष्ठ सम्मानीय अंशधारी सदस्य, जिनकी आयु 75 वर्ष एवं उससे अधिक हो, उन्हें भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है । इस हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं ।

उपरोक्त तीनों योजनाओं एवं वरिष्ठ सम्मानीय सदस्य हेतु निर्धारित आवेदन पत्र बैंक के प्रधान कार्यालय के साथ ही तीनों शाखाओं में उपलब्ध है। **उपरोक्त तीनों योजनाओं हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि वुधवार, दिनांक 14.08.2026 कार्यालयीन समाप्ति सायं 6.00 बजे तक नियत है। उक्त दिनांक उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।**

**अजय खनगन**
**प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी**